Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 22 मई, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-may-2020

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

हाल ही में भारत सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana) ने 1 करोड़ लोगों के उपचार का आँकड़ा प्राप्त कर लिया है। इस योजना के तहत 21,565 सरकारी और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों के माध्यम से 13,412 करोड़ रुपए की लागत से उपचार उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर आयोजित वेबिनार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि 'आयुष्मान भारत योजना आगामी समय में आने वाली स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने में मानवीय दृष्टिकोण के साथ एक पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाती रहेगी।' ध्यातव्य है कि वर्ष 2018 में शुभारंभ के बाद से ही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना बनी हुई है। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष दिये जा रहे 5 लाख रुपए के स्वास्थ्य कवर के माध्यम से गरीब और वंचित भारतीयों को अस्पताल में किफायती स्वास्थ्य उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश में 10.74 करोड़ से अधिक गरीबों और संवेदनशील परिवारों के लिये वित्तीय जोखिम से सुरक्षा सुनिश्चित करना है। साथ ही भारत सरकार आयुष्मान भारत योजना के सभी लाभार्थियों को मुफ्त COVID-19 जाँच और उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस अवसर पर डॉ. हर्ष वर्धन ने व्हाट्सएप (Whatsapp) पर 'आस्क आयुष्मान' (Ask Ayushman) चैट बोट का शुभारंभ किया, जो 24X7 काम करने वाला AI-सक्षम सहायक है। यह आयुष्मान भारत योजना के लाभ, विशेषताओं, ई-कार्ड बनवाने की प्रक्रिया, नज़दीक में स्थित पैनलबद्ध अस्पतालों, फीडबैक और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया जैसी जानकारियाँ उपलब्ध कराता है।

रेपो रेट में कटौती

हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India-RBI) ने रेपो रेट (Repo Rate) में 0.4 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है। RBI की घोषणा के साथ ही रेपो रेट अब 4.40 प्रतिशत से घटकर 4.0 प्रतिशत पर पहुँच गया है। RBI के गवर्नर शक्तिकांत दास के अनुसार, बीते 2 महीने में लॉकडाउन के कारण घरेलू आर्थिक गतिविधियाँ काफी बुरी तरह प्रभावित हुई है।' ज्ञात हो कि शीर्ष 6 औद्योगीकृत राज्यों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा रेड अथवा ऑरेंज ज़ोन में है। साथ ही विभिन्न आर्थिक संकेतक मार्च 2020 में शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मांग कम होने का स्पष्ट संकेत दे रहे हैं। ऐसे में RBI के इस निर्णय को मौजूदा आर्थिक स्थिति में मांग को बढ़ाने के लिये एक प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। ध्यातव्य है कि वाणिज्यिक बैंक अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये RBI से अल्पकालिक ऋण लेते हैं और इस ऋण पर RBI को उन्हें जिस दर से ब्याज देना पड़ता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंकों के लिये रिज़र्व बैंक से कर्ज़ लेना सस्ता हो जाता है और तभी बैंक ब्याज दरों में भी कटौती करते हैं, ताकि अधिक-से-अधिक रकम ऋण के तौर पर दी जा सके।

ओवरसीज़ सिटीज़नशिप ऑफ इंडिया

केंद्र सरकार ने हाल ही में विदेश में फंसे ओवरसीज़ सिटीज़नशिप ऑफ इंडिया (Overseas Citizen of India-OCI) कार्डधारकों की कुछ श्रेणियों को देश में आने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार, OCI कार्डधारक पारिवारिक आपात स्थिति में वापस भारत लौट सकते हैं। इसी के साथ ही ऐसे OCI कार्डधारकों को भी वापस भारत लौटने की अनुमति होगी, जिसमें पति अथवा पत्नी में से कोई एक OCI कार्डधारक है और एक भारत का निवासी है। नाबालिग बच्चों को भी अपने OCI कार्डधारक माता-पिता के साथ भारत लौटने की इजाज़त होगी। ऐसे OCI कार्डधारक छात्रों को भी भारत आने की अनुमति दी गई है, जो कानूनी रूप से नाबालिग नहीं हैं, किंतु उनके माता पिता भारत में रहते हैं। ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया या OCI की श्रेणी को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2005 में शुरू किया गया था। गृह मंत्रालय OCI को एक ऐसे विदेशी व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है जो 26 जनवरी, 1950 को या उसके बाद भारत का नागरिक था; या उस तारीख पर भारत का नागरिक बनने योग्य था; या 15 अगस्त, 1947 के बाद भारत का हिस्सा बने किसी क्षेत्र से संबंधित था, या ऐसे व्यक्ति का बच्चा या पोता, जो अन्य उक्त मानदंडों पूरे करता हो।

एश्ले कूपर

आठ बार के ग्रैंड स्लैम टेनिस चैंपियन एश्ले कूपर (Ashley Cooper) का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। ध्यातव्य है कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और विंबलडन खिताबधारक एश्ले कूपर 1950 के दशक में चार ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और चार ग्रैंड स्लैम युगल खिताब के साथ ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टेनिस के स्वर्ण युग का हिस्सा थे। एश्ले कूपर ने अपने 33 वर्षीय लंबे कैरियर में कुल 13 बार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का फाइनल खेला और उसमें से अधिकांश में जीत हासिल की। एश्ले कूपर अपने कैरियर के दौरान वर्ष 1957 से वर्ष 1958 के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के स्थान पर रहे। एश्ले कूपर का जन्म 15 सितंबर, 1936 को ऑस्ट्रेलियाई के मेलबॉर्न (Melbourne) शहर में हुआ था। एश्ले कूपर को वर्ष 2007 में टेनिस में उनके अमूल्य योगदान के लिये ऑस्ट्रेलियाई के सर्वोच्च सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।